# ईरान-ओमान करार से भारत को लाभ

## तेल से कारोबार तक बदलेंगे समीकरण



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 13 सितम्बर. स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर दुनियाभर में हाहाकार मचा हुआ है. इस रास्ते पर अमेरिका और ईरान दोनों ही अपना कब्जा जता रहे हैं, इस बीच जो सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं, वो ऐसे हैं, जिनका तेल इस रास्ते से जाता है.**

मुख्य रूप से एशिया के देशों की निर्भरता इस रास्ते पर सबसे ज्यादा है, ऐसे में अगर कोई बीच का रास्ता निकलता है, तो सबसे ज्यादा खुशी इन्हीं देशों को होगी. इस बीच ईरान के अधिकारियों ने बताया है कि ईरान और ओमान ने होर्मुज स्ट्रेट के लिए नए एंट्री और एग्जिट रूट को लेकर रूपरेखा बना ली है. मस्कट में होने वाली एक क्षेत्रीय बैठक में खाड़ी देशों को इस बातचीत के नतीजों के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी.ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने ईरानी वार्ता टीम से जुड़े एक सूत्र के हवाले से बताया कि यह समझौता ईरान और ओमान के बीच लंबे समय तक चली तकनीकी और कूटनीतिक बातचीत के बाद हुआ है. अगस्त के आखिर में दोनों पक्षों के बीच अंतिम सहमति बनी और अब वे एक नए रास्ते को लेकर एकमत हो गए हैं. नए समझौते के तहत खाड़ी क्षेत्र में प्रवेश करने वाला मार्ग पूरी तरह ईरान के क्षेत्रीय समुद्री जल के भीतर होगा, जबकि निकास मार्ग का एक हिस्सा भी ईरान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र में आएगा.ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगेई ने बताया कि खाड़ी तटवर्ती देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक सोमवार को ओमान में होने वाली है.

इस बैठक में क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित समुद्री मार्ग तय करने को लेकर ईरान और ओमान के बीच हुई बातचीत भी शामिल है.

### भारतीय मांसाहारी खाना स्वादिष्ट है : राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत में 80 फीसदी लोग मांसाहारी है और भारतीय मांसाहारी खाना स्वादिष्ट होता है. उनकी यह टिप्पणी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज में पूरी तरह शाकाहारी भोजन परोसे जाने के एक दिन बाद आई है. शनिवार को भारत मंडपम में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नेताओं और प्रतिनिधियों के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया था.

### ज़हरा पेजेशकियान ने भारतीय बाग प्रिंट की कला को सराहा



नई दिल्ली के भव्य भारत मंडपम में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के 'ब्रिक्स बाजार' सम्मेलन में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान की सुपुत्री ज़हरा पेजेशकियान ने भारतीय पारंपरिक हस्तशिल्प कला में अपनी गहराव भरी रुचि दिखाते हुए ज़हरा पेजेशकियान ने प्रसिद्ध बाग प्रिंट शिल्पकार मोहम्मद बिलाल खत्री एवं काज़िम खत्री के स्टॉल का विशेष अवलोकन किया. स्टॉल पर अवलोकन के दौरान ज़हरा पेजेशकियान ने हस्तनिर्मित बाग प्रिंट वस्त्रों और उनकी कलात्मक बारीकियों को अत्यंत निकटता से देखा. उन्होंने बेहद उत्सुकता और बारीकी के साथ यह सवाल पूछे कि 'बाग प्रिंट में काला रंग कैसे तैयार होता है?' और प्राकृतिक सामग्रियों से रंग बनाने की पारंपरिक वैज्ञानिक प्रक्रिया को समझा.

## टीएमसी ने चौधरी को बनाया उम्मीदवार

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस ने रविवार को अपने पत्ते खोल दिए. पार्टी ने नंदीग्राम और रेजीनगर सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है. सबसे चौंकाने वाला फैसला नंदीग्राम को लेकर रहा, जहां पार्टी ने साफ कर दिया कि मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी चुनाव नहीं लड़ेंगी. नंदीग्राम से सचिता प्रधान (डे) को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि रेजीनगर सीट से रबीउल आलम चौधरी को टिकट दिया गया है. टीएमसी का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब पार्टी के भीतर ही नंदीग्राम को लेकर ममता बनर्जी पर चुनाव लड़ने का दबाव बनाया जा रहा था. पार्टी के बागी खेमे ने एक दिन पहले ही सार्वजनिक रूप से अपील की थी कि ममता नंदीग्राम से चुनाव लड़ें.

# भाजपा नेता ने हड़पी पीएम के दोस्त की जमीन

## मोदी से लगाई गुहार, मामले की सीबीआई जांच की मांग

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 13 सितम्बर. मुंबई के मीरा-भायंदर इलाके में अपनी लगभग 2,810 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ दशकों से कानूनी लड़ाई लड़ रहे 81 साल के असगरअली वोहरा ने अब न्याय पाने के लिए अपने बचपन के सहपाठी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई है. असगरअली वोहरा ने गुजरात के वडनगर स्थित 'बी एन स्कूल' में पीएम मोदी के साथ पढ़ाई की थी.**

उन्होंने 8 सितंबर को दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर अपने प्लॉट पर हुए अवैध कब्जे की शिकायत की और पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की. यह पूरा विवाद भायंदर पूर्व के नवघर स्थित 2,810 वर्ग मीटर की कीमती जमीन से जुड़ा हुआ है. असगरअली वोहरा ने यह जमीन 1989 में एक रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के जरिए खरीदी थी. 2011 में 'स्वयं बिल्डर्स' और बीजेपी के पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता से जुड़ी कंपनी 'सेवन इलेवन कंस्ट्रक्शंस' ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया. आरोप है कि फर्जी और कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन को दो हिस्सों में बांटा गया और बिल्डरों के नाम पर उसका मालिकाना हक दिखाया गया. इस मामले में 2015 में एफआईआर भी दर्ज की गई थी. असगरअली वोहरा ने कहा कि राजस्व विभाग, पुलिस और स्थानीय प्रशासन के चक्कर काटने के बाद अब उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप से उन्हें अपनी जमीन वापस मिलेगी और दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच होगी.



राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने वोहरा की प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई मुलाकात की तस्वीरें और प्रेस नोट जारी करते हुए उम्मीद जताई कि पीएम मोदी अपने सहपाठी को न्याय जरूर दिलाएंगे. मोदी से मुलाकात और उनके सकारात्मक आश्वासन के बाद मीरा-भायंदर नगर निगम प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया है.

### 16 को होगी सुनवाई

नगर निगम प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 16 सितंबर को आधिकारिक सुनवाई तय की है. सेवन इलेवन कंस्ट्रक्शंस' और 'स्वयं बिल्डर्स' के प्रतिनिधियों को अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ 16 सितंबर की सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए.

# तेल का बिगड़ा खेल, भारत पर अब नया संकट

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**रियाद, 13 सितंबर. अमेरिका-ईरान जंग की वजह से दुनिया का प्रमुख जलमार्ग होर्मुज पहले से ही बंद था. अब सऊदी अरब ने उस ईस्ट वेस्ट पाइपलाइन को बंद करने का फैसला किया है, जिसके जरिए वह होर्मुज से बचते हुए अपना तेल पश्चिमी तट पर स्थित यान्बू बंदरगाह तक पहुंचा रहा था.**

वहां से इसे फिर भारत और एशिया के अन्य देशों में भेजा जा रहा था. इस पाइपलाइन पर एक ड्रोन हमले के बाद ही इसे बंद कर दिया गया है. इस पाइपलाइन के बंद होने से भारत सहित एशिया के



कई देशों की कच्चे तेल की आपूर्ति पर असर होगा. ईरान जंग के चलते होर्मुज बंद होने के बाद सऊदी इसी पाइपलाइन के जरिए दूसरे देशों तक पहुंचाया जा रहा था. यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के रणनीतिक बंदरगाह शहर मोखा पर कब्जा कर लिया है.

### भारत के लिए बड़ी चिंता

भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा कच्चा तेल आयात करता है. ऐसे में दुनिया के किसी भी बड़े तेल उत्पादक देश की सप्लाई या शिपिंग व्यवस्था में व्यवधान का असर भारतीय बाजार तक पहुंच सकता है. सऊदी अरब भारत के प्रमुख तेल आपूर्तिकर्ताओं में शामिल है. अब अगर पाइपलाइन लंबे समय तक बंद रहती है और यमन के जरिए एशिया जाने वाली सप्लाई प्रभावित होती है, तो भारत समेत एशियाई खरीदारों को दूसरे रास्तों या महंगे समुद्री मार्गों से तेल लाना पड़ सकता है. कई देशों की कच्चे तेल की आपूर्ति पर असर होगा. ईरान जंग के चलते होर्मुज बंद होने के बाद सऊदी इसी पाइपलाइन के जरिए दूसरे देशों तक पहुंचाया जा सकता था.

# ब्रिक्स से निराश शरीफ को अब सिर्फ ट्रंप से उम्मीद

## यूएन में फिर उठाएंगे सिंधु जल संधि और कश्मीर मुद्दा

**न्यूयॉर्क, 13 सितम्बर( एजेंसी ). भारत में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में आग्रह के बाद भी आमंत्रण नहीं मिलने से निराश पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने वाले हैं.**

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान 23 सितंबर को न्यूयॉर्क में दोनों नेताओं की मुलाकात प्रस्तावित है. इसके साथ ही ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होने वाले राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों के



लिए आयोजित स्वागत भोज में भी शरीफ शामिल होंगे. अगर यह मुलाकात होती है तो एक साल के भीतर शहबाज शरीफ और डोनाल्ड ट्रंप की यह चौथी आमने-सामने की मुलाकात होगी.

# आप-जीएफपी गोवा में साथ लड़ेंगे चुनाव

## सरदेसाई ने केजरीवाल से मिलाया हाथ

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 13 सितम्बर. गोवा की सियासत में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले नया सियासी समीकरण सामने आया है. आम आदमी पार्टी और गोवा फॉरवर्ड पार्टी ने रविवार को आगामी विधानसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ने का ऐलान किया.**

दोनों दलों ने अपने गठबंधन का नाम 'गोवा फर्स्ट' रखा है. आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और जीएफपी नेता विजय सरदेसाई ने इस गठबंधन की घोषणा की. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह गठबंधन गोवा के लोगों को 'बीजेपी और कांग्रेस से अलग एक विकल्प' देने के लिए चुनाव मैदान में उतरेगा. यानी 2027 के चुनाव में दोनों पार्टियां मिलकर



बीजेपी और कांग्रेस के सामने तीसरा राजनीतिक विकल्प खड़ा करने की कोशिश करेंगी. केजरीवाल गोवा पहुंचे थे. उन्होंने पहले ही संकेत दे दिया था कि वह राज्य में एक 'बहुत बड़ी घोषणा' करने वाले हैं. उनके दौरे से पहले गोवा के अलग-अलग हिस्सों में आप और जीएफपी के चुनाव चिन्ह वाले पोस्टर भी नजर आए थे.इन पोस्टरों पर लिखा था 'कांग्रेस और बीजेपी ने आपको दो बार ठगा है.

## बलूचों ने उड़ाए सेना के वाहन, 23 जवानों की मौत

**इस्लामाबाद.** बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ बड़ा हमला सामने आया है. लासबेला जिले के काशारी इलाके में एन-25 नेशनल हाईवे पर करीब 15 फ्रंटियर फोर्स वाहनों वाले पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया गया. हमले में 23 से ज्यादा पाकिस्तानी सेना के जवानों के मारे जाने की आशंका है, जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं. धमाके के बाद सुरक्षा बलों के एक वाहन में आग लग गई. घायलों को बेला कैंप पहुंचाया गया और हमले के बाद एन-25 हाईवे को बंद कर दिया गया. काफिला लासबेला के काशारी इलाके से गुजर रहा था, तभी उसे धमाके से निशाना बनाया गया.

# दिमाग से काम नहीं कर रहे आकाश

## पार्टी फेरबदल पर मायावती ने तोड़ी चुप्पी

**नवभारत न्यूज**
**लखनऊ, 13 सितम्बर. बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को बयान देकर कहा कि मैं पूरी तरह स्वस्थ हूं. मेरे अस्वस्थ होने की फैलाई जा रहीं बातें पूरी तरह से निराधार है.**

उन्होंने बसपा कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव के लिए पूरी तरह जुट जाने का आह्वान करते हुए कहा कि आकाश आनंद अभी भी अपने ससुर के कहे पर चल रहे हैं. अपने दिमाग से काम नहीं कर रहे हैं. उन्होंने ये भी कहा कि बीते दिनों पार्टी हित में जो भी निर्णय लिए गए हैं. उनका पार्टी व मूवमेंट के हित में लाभ ही हुआ है. मायावती ने आकाश आनंद का



जिक्र करते हुए कहा कि मेरे निवास पर पार्टी इंचार्ज आलोक कुमार के फोन पर आकाश आनंद का फोन आया. जिसमें उन्होंने पूछा कि क्या बहन जी अस्वस्थ हैं, जिस पर आलोक कुमार ने कहा कि वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं और अपने काम में लगी हुई हैं. इस पर आकाश आनंद ने कहा कि मेरी इस कॉल के बारे में उन्हें न बताएं. मायावती ने कहा कि उनकी इस कॉल की मंशा अच्छी भी हो सकती है और गलत भी.

# घोड़े का इंजेक्शन लगाकर दौड़े युवक

- हालत बिगड़ी अस्पताल में किया भर्ती
- बिना सलाह स्टेरॉयड लेना खतरनाक : डॉक्टर

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**आगरा, 13 सितम्बर. आगरा में 6 किमी की दौड़ जीतने के लिए 2 युवकों ने घोड़ों को दिया जाने वाला स्टेरॉयड इंजेक्शन लगा लिया. दौड़ खत्म होते ही दोनों की हालत बिगड़ गई और वे मैदान में गिर पड़े.**

साथी उन्हें स्थानीय अस्पताल ले गए. 2 घंटे दोनों का इलाज चला. इसके बाद उनकी हालत में सुधार आया. गांव वालों के मुताबिक, प्रतियोगिता में





श्यामवीर सिकरवार (16) दूसरे और गौरव (22) चौथे स्थान पर आए, दोनों आर्मी भर्ती की तैयारी भी करते हैं. खेरागढ़ थाना क्षेत्र में जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर दौड़ प्रतियोगिता हुई थी. बेहतर प्रदर्शन और थकान कम करने के लिए दोनों ने इंजेक्शन लिया था.

आयोजन कमेटी के सदस्य ने बताया कि गांव की प्रतिभाओं को निखारने के लिए समय-समय पर प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं. इसी क्रम में 6 सितंबर को दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई थी. दौड़ पूरी होने के बाद श्यामवीर सिकरवार और गौरव सिकरवार को घबराहट हुई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया. उन्होंने क्या दवा ली थी, इसकी जानकारी नहीं है. सीएचसी सुपरिटेंडेंट डॉ. आरके सिंह के मुताबिक, बेहतर प्रदर्शन और थकान कम करने के उद्देश्य से दोनों युवकों ने स्टेरॉयड का इंजेक्शन लिया था. इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई. करीब 2 घंटे के उपचार के बाद दोनों की हालत में सुधार हुआ. डॉक्टर ने बताया कि बिना चिकित्सकीय सलाह किसी भी तरह का स्टेरॉयड या इंजेक्शन लेना खतरनाक हो सकता है.

## एक नजर में

### टेंडर के नाम से हेल्थ अफसर बन 10 .38 लाख ठगे

**देहरादून.** स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और शासन स्तर पर अपनी गहरी पहुंच बताकर सरकारी टेंडर दिलाने का झांसा देकर चंदन सिंह रावत से 10 लाख 38 हजार रुपये ठगने का मामला सामने आया है. आरोपियों ने खुद को स्वास्थ्य महानिदेशक कार्यालय का अधिकारी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का निदेशक बताकर शिकायतकर्ता को विश्वास में लिया. नेहरू कॉलोनी थाने में दो आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. शिकायतकर्ता चंदन सिंह रावत के मुताबिक, उनकी मुलाकात अतुल घुघत्याल से हुई थी. अतुल ने खुद को स्वास्थ्य महानिदेशक कार्यालय में कार्यरत बताते हुए स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और शासन स्तर तक अपनी पहुंच होने का दावा किया.

### भाजपा विधायक की अभद्रता पर बैठी पंचायत



सिलौली. गाजियाबाद के सिरौली मे रेस्तरां गाली कांड के बाद लोनी में भाजपा से जुड़े नेताओं और समर्थकों के बीच खींचतान खुलकर सामने आ गई है. रविवार को क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में विधायक नंदकिशोर गुर्जर के समर्थन और विरोध में दो अलग-अलग महापंचायतें हुईं.

### जवान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अंबेडकरनगर.** अंबेडकरनगर के टांडा कोतवाली क्षेत्र के सकरावल निवासी 35 वर्षीय पीआरडी जवान वीरेंद्र प्रताप ने पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय खासपुर के कक्षा दो के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी. घटना की जानकारी होने पर विद्यालय में हड़कंप मच गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है.

# 9 करोड़ खातों पर लगा दिया ताला

## आईआरसीटीसी की दलालों पर कार्रवाई

**नवभारत ब्यूरो**
**दिल्ली, 13 सितम्बर. ऑनलाइन रेलवे टिकटों की कालाबाजारी और दलाली पर लगाम लगाने के लिए भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम ( आईआरसीटीसी ) ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है.**

आईआरसीटीसी ने फर्जी यूजर आईडी के जरिए सिस्टम का दुरुपयोग करने वाले एजेंटों और दलालों के 3.04 करोड़ अकाउंट (यूजर आईडी) हमेशा के लिए निष्क्रिय (डिएक्टिवेट) कर दिए हैं. इसके अलावा, संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाए गए 6.33 करोड़ अन्य खातों को अस्थायी रूप से निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया है. जब तक इन खाताधारकों की प्रामाणिकता की जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक वे टिकट बुक नहीं कर सकेंगे.शुरुआती 10 मिनट एसी, एग्जीक्यूटिव क्लास के तत्काल बुकिंग विंडो खुलने से शुरूआती 10 मिनट (सुबह 8 से 8.10 बजे तक) अधिकृत एजेंट के टिकट बुक करने पर रोक लगा दी गई है. तत्काल तत्काल अधिकारियों, एआईआरएससी टीसी, एजेंटों के अलावा टिकट बुक कराने के लिए उपयोगकर्ताओं का सरकारी पहचान पत्र/ आधारिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है.

### फर्जी आईडी से करते थे बुकिंग

कई एजेंट फर्जी ईमेल और नंबरों के जरिए यूजर आईडी बनाकर सुबह टिकट खुलते ही ब्लॉक बुकिंग कर लेते थे. इसके बाद तत्कालों और छुट्टियों के सीजन में मजबूर और जरूरतमंद यात्रियों को ये टिकट कई गुना कीमतों पर बेच जाते थे.

### हजारों ईमेल डोमेन ब्लॉक

इस पर नकेल कसने के लिए आईआरसीटीसी ने पिछले साल अक्टूबर से अभियान छेड़ रखा है. इस दौरान 16,041 संदिग्ध ईमेल डोमेन ब्लॉक किए गए हैं और साइबर क्राइम पोर्टल पर 4.21 लाख संदिग्ध आईपीएड्रेस से जुड़ी 592 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं.

## आज का इतिहास

1770 : डेनमार्क में प्रेस की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।

1774 : भारत में सती प्रथा खत्म करने वाले लॉर्ड बैंटिक का जन्म.

1833 : विलियम वेंटिक, पहले गवर्नर जनरल के तौर पर भारत आए.

1901 : अमेरिकी राष्ट्रपति विलियम मैकेंजी की गोली मारकर हत्या.

1914 : फ़िल्म निर्देशक गोपालदास परमानंद सिप्पी (जी.पी.सिप्पी) का जन्म.

1917 : रूस को आधिकारिक तौर पर गणतंत्र घोषित किया गया.

# बंगाल में 252 मदरसों पर शुभेंदु ने लगवाया ताला


## 100 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**
कोलकाता, 13 सितबंर. पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में मदरसों को लेकर बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है. अधिकारियों के मुताबिक, राज्यभर में किए गए सर्वे के बाद 252 मदरसों को बंद करने का आदेश दिया गया है, जबकि करीब 100 अन्य मदरसों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. सरकार के अनुसार, जांच में कई संस्थानों में जरूरी मंजूरी और बुनियादी ढांचे से जुड़ी कमियां सामने आई हैं. अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के मंत्री क्षुदीराम टुडू ने बताया कि जिन मदरसों के पास आवश्यक सरकारी मंजूरी और




निर्धारित मानक हैं, उन्हें संचालित होने दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि कार्रवाई का उद्देश्य राज्य में अधिकृत और अनधिकृत मदरसों की स्थिति स्पष्ट करना है. जून की शुरुआत से पश्चिम बंगाल के सभी जिलों में सरकारी और निजी मदरसों का फील्ड-लेवल सर्वे किया गया.

## हस्तियों के ट्वीट



टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एआई को लेकर चिंता जाहिर की. उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के संभावित खतरों को लेकर चेतावनी देते आ रहे हैं. मस्क के मुताबिक,एआई की क्षमताएं तेजी से बढ़ रही हैं और इसके विकास के साथ सुरक्षा और नियंत्रण पर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है. उनका मानना है कि अगर एआई का विकास मानव नियंत्रण से आगे निकल गया, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं.



अभिनेता अनुपम खेर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी आगामी प्रस्तुति 'जाने पहचाने अनजाने' को लेकर उत्साह साझा किया. उन्होंने लिखा कि वैंकूवर में शानदार दर्शकों से मिली जबरदस्त तालियों और प्यार के बाद अब पूरी टीम लॉस एंजिल्स में प्रस्तुति देने के लिए तैयार है. अनुपम खेर ने दर्शकों से कहा कि वे उनके साथ हंसें, भावनाओं को महसूस करें और जीवन का जश्न मनाएं. उन्होंने लॉस एंजिल्स के दर्शकों से सवाल किया, 'क्या आप हमारे लिए तैयार हैं?'

**रेल दुविधा** | 4 मिनट में फुल सीटें, दिल्ली, मुंबई और गुजरात से उप्र, बिहार और झारखंड के कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल

# त्योहारों से दो महीने पहले ही ट्रेनों में 'नो रूम'

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 13 सितम्बर. दिवाली और छठ पर घर जाने वाले रेल यात्रियों की परेशानी अभी से बढ़ गई है. त्योहारों में करीब दो महीने बाकी हैं, लेकिन दिल्ली, मुंबई और गुजरात से उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जाने वाली कई ट्रेनों में कंफर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है.**

कई ट्रेनों में लंबी वेटिंग है. कुछ में वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहा. ऐसे में यात्रियों को अब फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का इंतजार है. सामान्य एडवांस टिकट 60 दिन पहले बुक किया जा सकता है. बुकिंग रोज सुबह 8 बजे शुरू



होती है. बुकिंग खुलते ही आईआरसीटीसी की वेबसाइट और ऐप पर 'हम पर इस समय ज्यादा लोड है, कृपया दोबारा कोशिश करें' का मैसेज दिखने लगता है. दोबारा प्रयास करने पर सीटें उपलब्ध दिखती हैं, लेकिन बुकिंग करते ही टिकट वेटिंग में चला जाता है. महज चार-पांच मिनट में सीटें फुल हो जाती हैं. यात्रियों को यह परेशानी तब भी हो रही है, जब ऐप में पहले से ही यात्रियों की पूरी डिटेल सेव है. पेमेंट की सुविधा भी ऑटोमैटिक है.अब 13 से 16 नवंबर के बीच छठ पर घर जाने के लिए यात्रा की तारीख के हिसाब से टिकट बुकिंग 14 से 17 सितंबर के बीच शुरू होगी. यात्रियों के मुताबिक, नियमित ट्रेनों में टिकट नहीं मिला तो उनकी उम्मीद फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों पर टिकी है. रेलवे ने हाल ही में सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए त्योहारों पर जल्द और स्पेशल ट्रेनें चलाने की बात कही है. ऐसे में दिल्ली से पटना, पाटलिपुत्र, दानापुर, दरभंगा समेत बिहार के दूसरे स्टेशनों के लिए अतिरिक्त ट्रेनें चलने की उम्मीद है.

रेलवे कुछ फेस्टिवल स्पेशल सेवाएं शुरू करने की घोषणा भी कर चुका है.इस बीच आईआरसीटीसी ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग में नया रिकॉर्ड बनाया है. 7 सितंबर 2026 को 20,06,353 टिकट बुक हुए. अगले दिन भी 19.50 लाख से ज्यादा टिकट बुक किए गए. सुबह 8 से 8 :15 बजे तक टिकट बुकिंग का सबसे ज्यादा दबाव रहता है. इस दौरान बड़ी संख्या में यात्री एक साथ टिकट बुक करने की कोशिश करते हैं. सुबह 8 से 9 बजे के बीच दिन की कुल बुकिंग का 8.43 से 14.14 फीसदी हिस्सा होता है.


**सरदार पटेल लॉ कॉलेज, जबलपुर (म.प्र.)**

**कार्यालय- सरदार पटेल लॉ कॉलेज, कुंडम रोड, पिपरिया, खमरिया, जबलपुर (म.प्र.), फोन- 0761-2997742**

विश्वविद्यालय अधिनियम कोड 28 के अंतर्गत निम्न अनुसार नियुक्ति हेतु आवेदन की शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति एवं दो फोटो सहित आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। आवेदन की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने के 07 दिवस तक। विवरण निम्नानुसार..

| क्र. | पद | पदों की संख्या | योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्राध्यापक (विधि) | 06 | एल.एल.एम. (Ph.D./NET/SLET अनिवार्य) |
| 2. | सहायक प्राध्यापक (हिंदी) | 01 | एम.ए. (Ph.D./NET/SLET अनिवार्य) |
| 3. | सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) | 01 | एम.ए. (Ph.D./NET/SLET अनिवार्य) |
| 4. | सहायक प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र) | 01 | एम.ए. (Ph.D./NET/SLET अनिवार्य) |
| 5. | ऑफिस असिस्टेंट | 01 | हिंदी/ अंग्रेजी टाइपिंग एवं स्नातक |

नोट- 1. संबंधित विषय में 55% अंकों के साथ Ph.D./NET/SLET अनिवार्य ।
2. उपरोक्त पदों के लिए यूजीसी चयन के प्रभावशाली नियम लागू होंगे।
3. आरक्षण में यूजीसी एवं मध्य प्रदेश शासन नियमों का पालन आवश्यक होगा।
4. आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के संचालक / प्राचार्य के पते पर सीधे या डाक द्वारा अंतिम तिथि के पूर्व भेजे ।
5. Email id: sardarpatellawcollege@gmail.com
6. अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय की हेल्पलाइन नंबर 9826342454 पर संपर्क कर सकते है।

प्राचार्य
सरदार पटेल लॉ कॉलेज जबलपुर